फर्द अहकाम

अज अदालत **उपखण्ड अधिकारी सिकराय जिला दौसा**

शांति देवी बनाम राज0 सरकार जरिए तहसीलदार

किस्म मुकदमा– प्रा0पत्र 136 एल.आर.एक्ट   मु0नं0– 66/2023

पीठासीन अधिकारी– यशवन्त मीना (आर0ए0एस0)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
7/3/24	पत्रावली लोक अदालत में पेश हुई। बहस प्रार्थना पत्र सुनी गई। प्रार्थी अधिवक्ता द्वारा दौराने बहस प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों का दोहरान करते निवेदन किया कि वाके ग्राम झरना में स्थित भूमि खसरा नम्बर 562, 84, 85, 86 में प्रार्थीया का नाम जम्बूरी दर्ज था जबकि प्रार्थीया का सही नाम जम्बूरी उर्फ शांति है जिसके संबंध में न्यायालय हाजा द्वारा मु0न0 45/2020 उनवानी प्रकरण शांति बनाम राज0 सरकार में दिनांक 26.10.2021 को निर्णय पारित कर प्रार्थीया का नाम उक्त भूमि में जम्बूरी उर्फ शांति देवी पुत्री रामधन दर्ज करने के आदेश पारित किए गए थे लेकिन सहवन से उक्त प्रार्थना पत्र में खाता संख्या नया 17 पुराना 12 के ख0न0 83, खाता संख्या नया 15 पुराना 11 के ख0न0 560, 561 तथ खाता संख्या नया 16 पुराना 10 के ख0न0 559 में अंकन करना रहा गया था जिससे उक्त खातो में प्रार्थीया के नाम में संशोधन नहीं हो सका था इसलिए अब संशोधन बाबत प्रार्थना पत्र पेश किया गया है जिसे स्वीकार किया जावे। बहस प्रार्थी का मनन किया गया। पत्रावली एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तवेजात का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया। न्यायालय हाजा में निर्णित पत्रावली शांति बनाम राज0 सरकार मु0न0 45/2020 का अवलोकन किया गया। प्रार्थीया के दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। उपरोक्त विवेचन से प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। अतः प्रार्थीया द्वारा पेश प्रार्थना पत्र अ0धा0 136 एल0 आर0 एक्ट स्वीकार कर वाके ग्राम झरना में स्थित भूमि खाता संख्या नया 17 पुराना 12 के ख0न0 83, खाता संख्या नया 15 पुराना 11 के ख0न0 560, 561 तथ खाता संख्या नया 16 पुराना 10 के ख0न0 559 में प्रार्थीया के नाम जम्बूरी के स्थान पर जम्बूरी उर्फ शांति दर्ज करने के आदेश तहसीलदार सिकराय को दिए जाते है। तहसीलदार सिकराय को पालना हेतु तहरीर जारी हो। निर्णय मेरे द्वारा आज दिनांक 09.03.2024 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। उपखण्ड अधिकारी सिकराय (दौसा)	